## प्रपत्र–1

**परियोजना का नाम– जनपद पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित, बनकोट से ब्रसखोली (धारीधूमलाकोट)मोटर मार्ग का विस्तारीकरण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

## प्रतिवेदन

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आय और उत्पादन रोजगार अवसरों के अधिक मात्रा में सृजन एंव स्थायी रूप से गरीबी निवारण करने के उद्देष्य से पर्वतीय क्षेत्र में 250 से अधिक आबादी वाले असंयोजित बसावटों को किसी भी बारहमासी सर्म्पक मार्ग से जोंडने का कार्यक्रम संचालित किया जा सकता है। उक्त के क्रम में सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासन के पत्रांक संख्या : 5610/पी–3–14 /यू0आर0आर0डी0ए0/18 दिनांक ...31/01/16... उत्तराखण्ड शासन द्वारा उपरोक्त मोटर मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत अनुमोदित किया गया है। शासनादेश की फोटो प्रति संलग्न है)

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार ब्रसखेली धारीधुमलाकोट की आबादी ....405.... अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नही जुडी है। उन्नत कृषि भूमि होने के कारण क्षेत्र की जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पषुपालन है, परन्तु यातायात की सुविधा न होने से काष्तकारों को अपने उपज का उचित मूल्य नही मिल पाता हैं। साथ ही यातायात के साधन न होने से सरकार द्वारा घोषित विभिन्न विकास कार्य भी क्षेत्र में सुगमता पूर्वक संचालित नही हो पाते है। अन्य रोजगार के साधन न होने से बेरोजगार युवाओं का शहरों की ओर पलायन हो रहा हैं। मोटर मार्ग निर्माण हो जाने से जंहा युवाओं के लिए नये रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगें, वही सरकार की विकास योजनायें भी सुगमता से संचालित हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्र में कास्तकारों की नापभूमि के अतिरिक्त समस्त प्रकार की भूमि को वनभूमि श्रेणी में ले लिया गया है। इस मार्ग के समरेखण में आरक्षित वन भूमि 3.990 हे0, सिविल सोयम भूमि 0.2440 हे0, ग्रमपंचायत भूमि 0.6220 नाप भूमि 0.7290 हे0 प्रभावित हो रही है। जो न्यूनतम एवं अपरिहार्य है, वन स्वरूप भूमि हस्तान्तरित करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत यह प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त इस मार्ग के निर्माण हेतु 2 समरेखणों पर विचार किया गया जिन्हे प्रस्ताव में संलग्न इन्डैक्स मानचित्र में अलग–अलग रंग से दर्षाया गया है।

**संमरेखण नं0 1:–** जो लाल रंग से दर्षाया गया है, के अनुसार मोटर मार्ग का समरेंखण स्थल जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत यह मार्ग लो0नि0वि0 बनकोट से ब्रसखोली मोटर मार्ग के किमी0 4 से प्रारम्भ होता है इस समरेंखण पहाडी ढलान सामान्य ढलान श्रेणी के है। यह समरेंखण 10 सूखे तथा 0 चिर स्थानी नालो से होकर गुजरती है अधिकाष नाले प्रथम आर्डर के है। सडक संरेखण में कोई हेयर पिन बैण्डस नहीं है। सडक संरेखण का भाग निजी, नाप, आरक्षित भूमि, ग्रम पंचायत भूमि, तथा सिविल भूमि, से होकर गुजरता है। संरेखण से सभी ग्रामवासी सहमत हैं। सहमति पत्र संलग्न है।

**समरेखण नं0 2:–** जो हरा रंग से दर्षाया गया है, के अनुसार यह समरेंखण स्थल जनपद पिथौरागढ के अन्तर्गत यह मार्ग लो0नि0वि0 बनकोट से ब्रसखोली मोटर मार्ग के किमी0 4 से प्रारम्भ होता है । समरेंखण में 2 हेयर पिन बैंड पड़ते हैं। समरेखण की लम्बाई 1.200 किमी0 अधिक है। इसमे अधिक सिविल भूमि, नाप भूमि, वन भूमि, तथा वन पंचायत भूमि प्रयोग हो रही है। इस समरेखण से ग्रमवासी सहमत नहीं है। अतः तकनीकी एवं मितव्यता को दृष्टिगत रखते हुए यह संरेखण उचित नही पाया जाता है।

इस मार्ग की वास्ततिक लम्बाई 5.650 किमी0 है। राजस्व ग्रम ब्रसखोली धारीधुमलाकोट ग्रम पंचायत धारीधुमलाकोट के अन्तर्गत आते है।

| | | |
|---|---|---|
| **कनिष्ट अभियन्ता** | **सहायक अभियन्ता** | **अधिशासी अभियन्ता** |
| पी0एम0जी0एस0वाई0 | पी0एम0जी0एस0वाई0 | पी0एम0जी0एस0वाई0 |
| लो0नि0वि0पिथौरागढ़ | लो0नि0वि0पिथौरागढ़ | लो0नि0वि0पिथौरागढ़ |